वर्ष-15, अंक-96
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, गुरुवार, 11 जुलाई 2024

## दुखद घड़ी में हम हैं मृतक के परिजनों के साथ : सांसद

### घटना के प्रति जताई गहरी संवेदना

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर से दिल्ली जा रही बस दुर्घटना में मारे गए शिवहर वासियों के प्रति सांसद लवली आनंद एवं विधायक चेतन आनंद ने गहरा दुख व्यक्त किया है। शिवहर सांसद एवं विधायक ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि घटना दिल दिमाग को झकझोर देने वाली है इस दुखद घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को मिलने वाली हर संभव सरकारी सहायता दिलाई जाएगी इस बाबत हमने शिवहर डीएम व एसपी से भी बात की है। वहीं कहा कि बस- बस- हाइवा से



हुई सीधी टक्कर की जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी ताजपुर सरपंच मुकेश कुमार के द्वारा दी गई है।

## JDU ने विप की तिरहुत स्नातक सीट से तय किए प्रत्याशी...

### सिर्फ आधिकारिक ऐलान बाकी, संभावित प्रत्याशी ने नीतीश से भी कर ली मुलाकात

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
पटना, देवेश चंद्र ठाकुर के सीतामढ़ी लोस सीट से सांसद चुन लिए जाने के बाद विप की तिरहुत स्नातक सीट रिक्त हो गई है. अब इस सीट पर जल्द ही चुनाव होंगे. चुनाव से पहले मतदाता सूची पर काम शुरू हो गया है. इधर, तिरहुत स्नातक सीट पर चुनाव को लेकर राजनैतिक दल भी तैयारी में जुट गए हैं. बिहार की सत्ताधारी जेडीयू ने इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार के नाम तय कर लिए हैं. सिर्फ आधिकारिक ऐलान होना बाकी है.

जेडीयू के विधान पार्षद देवेश चंद्र ठाकुर अब सांसद बन गए हैं. लिहाजा तिरहुत स्नातक सीट रिक्त हो गई है. एनडीए में यह सीट जेडीयू के खाते में ही रहेगी. जानकारी के अनुसार, जेडीयू ने इस सीट से अपने उम्मीदवार के नाम तय कर लिए हैं. पार्टी के प्रदेश



प्रवक्ता ई. अभिषेक झा तिरहुत स्नातक सीट से उम्मीदवार होंगे. हालांकि आधिकारिक तौर पर इसका ऐलान नहीं हुआ है. लेकिन बात पक्की है. संभावित प्रत्याशी अभिषेक झा ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात भी कर ली है.

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद अभिषेक झा ने बजाप्ता सोशळ मीडिया पर पोस्ट डाला है. जिसमें लिखा है कि. आज बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष,हमारे अभिभावक आदरणीय नीतीश कुमार जी से मिलकर आगे के राजनीतिक मिशन के लिए आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया.

## रूपौली उपचुनाव में वोटिंग के दौरान बवाल

### पुलिस और ग्रामीणों के बीच जोरदार झड़प, पत्थरबाजी में एक जवान समेत चार लोग घायल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
पूर्णया, इस वक्त की बड़ी खबर पूर्णिया के रूपौली में हो रहे विधानसभा उपचुनाव से जुड़ी हुई सामने आ रही है, जहां वोटिंग के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा की गई पत्थरबाजी में एक पुलिस जवान और तीन ग्रामीणों घायल हो गए हैं। भवानीपुर थाना क्षेत्र के बूथ संख्या 75 और 76 पर झड़प की यह घटना हुई है।

जानकारी के मुताबिक, बूथ संख्या 75-76 पर वोट देने पहुंचे ग्रामीणों की पुलिस के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और इसके



बाद ग्रामीण उग्र हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथरबाजी शुरू कर दी। जिसमें एक जवान और तीन ग्रामीण चोटिल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस के आला अधिकारी और जिला प्रशासन की टीम पहुंची है। पुलिस ने हालात को काबू में कर लेने का दावा किया है। एएसपी और डीएसपी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल गांव में कैंप कर रही है। इससे पहले रूपौली के गोरियर बूथ संख्या 235 पर निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह और उनकी पत्नी ने समर्थकों के साथ हंगामा किया था। उनका आरोप था कि वोटर्स को वोट देने से जबरन रोका जा रहा है। उन्होंने पुलिस पर समर्थकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की थी।

## प्रेस विज्ञप्ति

**मोतिहारी अनुमंडल स्तरीय अनु जाति जनजाति अत्याचार निवारण अनुश्रवण सह सतर्कता समिति के बैठक संपन्न हुआ।बैठक में अनुजाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 4(1) एवम 18(1)का अनुपालन सुनिश्चित करने, 193 लंबित कांडो में नियमानुसार कार्रवाई करने एवम देरी करने वाले अधिकारियों पर कारवाई करने का प्रस्ताव भाई राजू बैठा मुखिया ने दिया। पूर्व के बैठक में लिए गए 10 प्रस्तावों में 3 में ही अनुपालन होने तथा 7 में अनुपालन नहीं होने पर चिंता व्यक्त किया गया। पुलिस संबंधित मामले में अनुपालन निश्चित करने का प्रस्ताव लिया गया तथा एएसपी सदर को अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में दलित बस्ती में संपर्क पथ नही होने तथा नगर निगम नगर परिषद में अनु जाति को आवास का लाभ संबंधित मामले में उचित कारवाई का प्रस्ताव रखा गया। बैठक की अध्यक्षता श्री श्रेष्ठ अनुपम (भाप्रसे) अनमुंडल पदाधिकारी सदर ने की बैठक में श्री शिखर चौधरी एएसपी सदर, अरविंद कुमार सचिव सह बीडीओ मोतिहारी, सरीना आजाद बीडीओ कोटवा, सीओ कोटवा, सीओ पिपरा कोठी, सीओ बंजरिया, ब्व्ह्ह मोतिहारी, रामदेव राम सदस्य, राजेंद्र बैठा सदस्य, मनोज कुमार अकेला सदस्य, अलका मांझी सदस्य, सज्जाद आलम विधायक प्रतिनिधि नरकटिया, अखिलेश झा विधायक प्रतिनिधि सुगौली सहित कई अन्य शामिल हुए।**

## NEET पेपर लीक केस: CBI की टीम ने गया में की छापेमारी

### दो गांवों में रेड से हड़कंप; हाथ लगे कई अहम दस्तावेज

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
गया, नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम बुधवार को बिहार के गया पहुंची, जहां सीबीआई की टीम ने बाराचट्टी थाना अंतर्गत हरैया गांव में नीट पेपर लीक मामले का एक आरोपित शिवनंदन कुमार के घर छापेमारी की है। शिवनंदन फिलहाल जेल में बंद है। शिवनंदन से पूछताछ के बाद सीबीआई की टीम ने उसके घर पहुंचकर छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम गया जिले के बाराचट्टी थाना अंतर्गत हरैया गांव




को पहुंची। गोपनीय ढंग से सीबीआई की टीम पहुंची थी। घंटों छापेमारी करने के बाद टीम वापस लौट गई। सूत्रों के मुताबिक, पेपर लीक से जुड़े कई अहम दस्तावेज सीबीआई के हाथ लगे हैं। बताया जा रहा है कि हरैया के रहने वाले शिवनंदन कुमार ने 40 लाख रुपए में डील की थी। 20 लाख रुपए एडवांस भी दे दिया था और परीक्षा के बाद बाकी क पैसा देना था लेकिन इससे पहले पेपर लीक का खुलासा हो गया और आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। नीट पेपर लीक का मामला देश भर का चर्चित है। अब इसकी जांच सीबीआई के हाथों सौंप गई है। ऐसे में माफियाओं की जड़ों तक पहुंचने के लिए सीबीआई की टीम बिहार समेत अन्य राज्यों में कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में सीबीआई की टीम गया जिले के बाराचट्टी क्षेत्र में पहुंची थी और हरैया गांव में शिवनंदन यादव के घर पर पहुंचकर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम ने शिवनंदन के परिजनों से पूछताछ की है। वही कुछ आवश्यक दस्तावेज सीबीआई की टीम साथ ले गई है। सीबीआई की टीम द्वारा एक शख्स को हिरासत में लिए जाने की बात सामने आ रही है।

## गरीबों के हक पर डाका: मुफ्त अनाज मिलना अब हो गया सपना

### हेराफेरी करने वाले डीलर के खिलाफ लोगों में आक्रोश

**मोतिहारी**- मोतिहारी में गरीबों के हक पर डीलर डाका डाल रहे हैं। राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और हंगामा मचाया। एमओ का घेराव कर ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। मोतिहारी के सुगौली प्रखंड के करमवा के डीलर पर राशन बांटने में गड़बड़ी का आरोप लगा है। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे एमओ गौरव कुमार को जहां ग्रामीणों ने घेर लिया वही क्षेत्र के राशन डीलर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर हंगामा मचाया। ग्रामीणों ने डीलर पर आरोप लगाया कि पिछले तीन महीनों का राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण उन्हें भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे लोग राशन लेने के लिए डीलर के पास जाते हैं तो केवाईसी में नाम जोड़ने की बात कहकर भगा दिया जाता है। डीलर कहता है कि



केवाईसी कराने पर ही राशन मिलेगी। कई बार हमलोगों से निशान लिया गया। लेकिन राशन नहीं दिया। इस बात से नाराज ग्रामीणों ने इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को दी। सभी ने एक स्वर में गड़बड़ी करने वाले डीलर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की और राशन वितरण में हो रही अनियमितताओं को जल्द दूर करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि राशन उनके लिए जीवन रेखा के समान है और उसकी अनुपलब्धता से उन्हें भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एमओ गौरव कुमार ने कहा कि गड़बड़ी की शिकायत मिली है। ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। मेरे द्वारा मामले में जांच की गई जिसमें अनियमितता पाई गई। रीपोर्ट कर इसके खिलाफ जिला को लिखा जाएगा। मामले की जानकारी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सहनी को हुई। सहनी ने एमओ को तत्काल मामले का समाधान करने की बात कही। वहीं ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराया गया।

## मोतिहारी के एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

### उन्नाव बस हादसे में गई जान; बकरीद पर आए थे घर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
मोतिहारी, उत्तर प्रदेश के उन्नाव में हुए भीषण सड़क हादसे में मोतिहारी के एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई है। शिवहर से दिल्ली जा रही बस में परिवार के सभी 6 लोग सवार थे और बकरीद की छुट्टी खत्म होने के बाद वापस काम पर लौट रहे थे। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

दरअसल, यूपी के उन्नाव बस हादसे में पूर्वी चंपारण के फेनहारा के रहने वाले एक ही परिवार 6 लोगों की मौत हुई है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद गांव में चारों तरफ चीत्कार का माहौल है। एक ही परिवार के मो. अशफाक, मो. इल्यास, मुनचुन खातून, कमरुल नेशा, सोहैल समेत कुल 6 लोग की मौत हो गई है जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल।

सभी लोग फेनहारा पूर्वी टोला वार्ड 11 के निवासी हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा है। बूढ़ी मां ने बताया कि बकरीद में सभी लोग कुर्बानी देने घर आये थे और मेरठ काम करने वापस जा रहे थे।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में भीषण सड़क हादसे में 18 लोगों की



मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए हैं। इस दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से पीएमओ ने हादसे में मौत के शिकार हुए लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मुआवजा देने का एलान किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से पीएमओ ने लिखा, उत्तर प्रदेश के उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। इसके साथ ही मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।